तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 13 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 सिखों के छठवें गुरू हरगोबिंद की जयंती पर शबद ...





14 खेलों को बढ़ावा देने के लिए गांव- गांव में हुई स्पर्धाएं




## खबर संक्षेप

### ढाबा मालिक और कर्मचारियों ने मिस्त्री के साथ की मारपीट



**कांकेर।** कोमलपुर में संचालित ढाबा में काम करने वाले मिस्त्री के साथ ढाबा संचालक और उसके कर्मचारी ने मजदूरी मांगने पर मारपीट कर दिया। मारपीट करने से पीड़ित को गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के गुरूर थानांतर्गत ग्राम बगदई निवासी 43 वर्षीय मनोहर सिवना पिता स्व. धनसाय राम सिवना ने पुलिस को बताया कि कोमलपुर के ढाबा में मिस्त्री का काम करता हूं। 11 जून को साढ़े 10 बजें ढाबा के मालिक रामाराम को अपने काम किए हुए पैसा को मांगा। पैसा मांगने पर ढाबा के मालिक ने कहा कि तुम मेरे ढाबा के काम करने के दौरान खाना पीना किए हो, उसका पैसा को पहले जमा करों, तब ही मै तुम्हारा पैसा दूंगा। मैंने बोला ठीक है, आप मेरे मजदूरी का पैसा मत दो, काम छोड़कर जा रहा हूँ। ऐसा बोलने पर ढाबा मालिक रामाराम और ढाबा ▶▶शेष पेज 12 पर

## नई व्यवस्था: क्यूआर कोड को स्कैन कर स्कूलों में किताबें बांटेगा विभाग

# नए शिक्षा सत्र में कक्षा पहली से दसवीं तक सवा लाख बच्चों को बांटी जाएंगी किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कांकेर

पाठ्य पुस्तक निगम की किताबों में छपे क्यूआर कोड को मोबाइल एप से स्कैन कर शिक्षा विभाग स्कूलों को किताबों का वितरण करेगा। किताबों के वितरण में गड़बड़ी को रोकने राज्य शासन द्वारा पहली बार यह नई व्यवस्था लागू की गई है। जिले में नौंवी से लेकर दसवीं के लिए तीन विकासखंड अंतागढ़, कांकेर और चारामा के स्कूलों में किताबें पहुँच चुकी है, वहीं अन्य चार विकासखंडो में किताबें नहीं पहुँच पाई है। इसके अलावा पहली से आठवीं तक के छात्रों की किताबें नहीं पहुँच पाई है। शिक्षा सत्र को प्रारंभ होने के लिए तीन दिन शेष है, विभाग कह रहा है कि तैयारी पूरी है, समय पर किताबें पहुँच जाएंगी।

पाठ्य पुस्तक निगम ने इस बार सभी किताबों के शुरुआती 8 से 10 पेज में उस स्कूल की सील लगाना अनिवार्य किया गया है, जिस स्कूल में वह किताबें पहुंचेगी। मोबाइल एप पर क्यूआर कोड स्कैन करने से उस किताब का रिकार्ड आसानी से देखा जा सकेगा। नई व्यवस्था लागू होने से किताबें कब पहुंची और जिले के किस स्कूल को कब वितरण किया गया, इसकी पूरी जानकारी मोबाइल एप पर ऑनलाइन दर्ज रहेगी। जिस स्कूल के बच्चों को किताबें मिली है, इसमें शुरू के 10 पेज में उसी स्कूल की सील लगी रहेगी। इसके बाद यह किताबें कहीं और पाई गई तो मैनुअली यह पता चल जाएगा कि वह किताबें किस स्कूल को वितरण की गई थी। पुस्तकों के वितरण के समय और वह पुस्तकें किसी निजी जगह, कबाड़ी में, रद्दीक वालों के पास मिलती है तो उसका रिकार्ड देखा जा सकेगा। इसके उपरांत संबंधितों पर कार्यवाही होना तय है।

### खास बातें

- नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने में बचे तीन दिन, विभाग ने शुरू किया तैयारी
- नौंवी से दसवीं तक की तीन विकासखंडों की पहुँची किताबें, चार विकासखंड में नहीं पहुँची




### जिले में 79 हजार बच्चों को मिलेगा यूनिफार्म

शिक्षा विभाग नए शिक्षा सत्र की तैयारी में जुट गया है। एक तरफ जहां स्कूल के पहले दिन बच्चों को पुस्तकों का वितरण करने की तैयारी है वहीं पहले दिन से यूनिफार्म का वितरण भी किया जाएगा। जिले में कक्षा पहली से आठवीं तक 78928 बच्चों को यूनिफार्म का वितरण किया जाएगा जो बंटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। स्कूलों में पहले दिन शाला प्रवेश उत्सव बनाया जाएगा। बच्चों को तिलक कर शाला प्रवेश होगा और उन्हें पाठ्य पुस्तक निगम की सभी विषयों की पुस्तकों और यूनिफार्म का वितरण की तैयारी है।

### गड़बड़ी मिली तो लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई होगी

नए शिक्षा सत्र की शुरूआत 16 जून से हो जाएगी। सत्र की शुरुआत से कक्षा पहली से दसवीं के सवा लाख बच्चों को पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। गड़बड़ी पाए जाने पर लापरवाह शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पाठ्य पुस्तक निगम से जिले में पुस्तकें पहुंच रही है। जानकारी अनुसार अधिकांश पहुंच चुकी है केवल कुछ विषयों की पुस्तकें आना शेष है। विगत सालों में पुस्तकों के मामले में हुई गड़बड़ी को ध्यान में रख राज्य शासन द्वारा नई व्यवस्था लागू की कर मॉनिटरिंग की जाएगी।

### नए शिक्षा सत्र में यूनिट और मासिक टेस्ट होगा

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि नया शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू होगा, उसके बाद नियमित कक्षाएं लगाई जाएंगी। इस बार यूनिट पूरी हो जाने पर टेस्ट होगा, वहीं मासिक टेस्ट भी लिए जाने की रणनीति तैयार की गई है। नतीजों की समीक्षा की जाएगी और शिक्षकों को उन नतीजों के आधार पर आगे की पढ़ाई पूरा करने कहा जाएगा। बीईओ, सहायक बीईओ, संस्था प्रमुखों को परीक्षा की नियमित मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया गया है।

## माइंस प्रबंधन और कलेक्टर से करेंगी चर्चा : सावित्री मंडावी



हरिभूमि न्यूज ▶▶भानुप्रतापपुर

परिवहन संघ भानुप्रतापपुर का अपनी मांगों को लेकर पखवाड़ेभर से चल रहे धरना प्रदर्शन में बुधवार से भूख हड़ताल भी शुरू हो गई है।

- परिवहन संघ की मांगों को लेकर चिंता है : विधायक
- संघ के पदाधिकारियों ने शुरू की भूख हड़ताल

साथ ही विधायक सांसद, लापता की पोस्टर लगा दिया था। इसके बाद गुरुवार 12 जून को विधायक सावित्री मंडावी परिवहन संघ के धरना स्थल पहुँची। उन्होंने कहा, मुझे संघ की मांगों का समाधान नहीं हो रहा है इसको लेकर अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए कलेक्टर और माइंस प्रबंधन से भी बात करूंगी। स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में माइंस प्रबंधन के बीच बैठक बेनतीजा रही है। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ की मांग है कि कच्चे स्थिति आरी डोंगरी खदान से परिवहन कराए जाने वाले लौह अयस्क की परिवहन की कटौती कर दी गई है। संघ की मांग है पूर्व के अनुसार कोटा दिया जाए।

बता दें कि पहले लगभग 110 से 120 ट्रक प्रतिदिन इस खदान से भानुप्रतापपुर परिवहन संघ को परिवहन के लिए दिए जाते थे । इनकी संख्या घटाकर 30 से 35 कर दी गयी है। दूसरे परिवहन संघ को परिवहन हेतु दिए जाने वाले ट्रकों की संख्या बढ़ा दी गई है, जिससे ट्रक मालिकों के सामने संकट उत्पन्न हो गया है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि इतना लंबा ▶▶शेष पेज 12 पर

### नहीं निकला समाधान

इस मौके पर वीरेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे। परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा ने बताया कलेक्टर ने कहा था कि प्रबंधन से चर्चा कर इसका निर्णय निकाला जाएगा, केवल फिलहाल इंतजार कर रहे है। अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

## सिवनी व आमापारा के बीच पुलिया निर्माण की ग्रामीणों ने की मांग

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम आमापारा के बीच नाला में पुलिया नहीं होने से बारिश के दौरान आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने नाला में पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं। दुर्गुकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के सिवनी सरपंच उमेश्वरी मंडावी, ग्राम गायता रामूराम मंडावी, बिहारी लाल सिन्हा, मंसाराम मंडावी, रेखराम विश्वकर्मा, परदेशी राम मंडावी, कलीराम मंडावी जादूराम मंडावी एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया ग्राम सिवनी के आश्रित ग्राम आमापारा सिवनी में मुख्य समस्या पुलिया न होने से बारिश की दिनों में नाला में पानी बहाव के कारण ग्रामीणों को नाला पार करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव के लोगों के साथ मवेशी भी इस नाले के बहाव के कारण फंस जाते हैं। आमापारा के ▶▶शेष पेज 12 पर



## दो भाइयों को समझाना बुजुर्ग को पड़ा महंगा, हो गई पिटाई

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डूमरपानी में दो भाई आपस में झगड़ा हो रहें। झगड़ा को शांत कराने के लिए गांव का सियान दोनो के बीच पहुंचा। समझाइश देने पर आरोपियों समझाने वाले बुजुर्ग के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डूमरपानी निवासी 78 वर्षीय बिहारी लाल शोरी पिता स्व. तुलसीराम शोरी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 11 जून को शाम लगभग 6



बजे मै धान कटाई का पैसा देने के लिए गांव के राजेश साहू के घर गया था, उस समय वह घर पर नहीं था। उसी समय पड़ोस में रहने वाले असल कोर्राम और कमलेश कोर्राम दोनो भाई मारपीट हो रहे थे। जिसे देखकर गांव का सियान होने के नाते दोनो भाइयों को छुड़ाने के लिए गया। असल कोर्राम कहने लगा कि तुम कौन होते ही हमारे विवाद को सुलझाने वाले और गाली देने लगे। गाली देने से मना किया, परंतु आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे बलपूर्वक धक्का दिया, जिससे ▶▶शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप



### तालाकुर्रा पंचायत में विभिन्न कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**कांकेर।** ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में 12 जून को विभिन्न कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। पंचायत भवन में कांक्रीटीकरण, आवास में चबूतरा निर्माण,यदु चौक में चबूतरा निर्माण, डडनसेना कलार समाज के पास नाली निर्माण, कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच विनोद रावटे,जितेन्द्र साहू उपसरपंच, पंचगण दयाराम सलाम, पूरनलाल साहू, चंद्रभान मरकाम,धनेश्वरी रावटे, कुमारी भंडारी, तनु हिचामी, रामकुमारी भुआर्य, संतोषी हिचामी,गणमान्य नागरिक नारायण सिंह जैन, कुलेश्वर मार्गीया, शिवप्रसाद यदु, गजानंद साहू, गौतम गाँवर, बृज साहू, देवा जैन, इमेन्द्र जैन, महादेव यदु, प्रदीप सोनी, रोमन टाड़िया एवं समस्त पारावासी उपस्थित रहे।

### बोगर में पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर आयोजित

कांकेर। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोगर में श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला श्रम अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में ग्रामवासियों को पंजीयन एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कुल 110 हितग्राहियों का श्रमिक पंजीयन किया गया। शिविर में श्रम विभाग से श्रम कल्याण निरीक्षक प्रवीण सुकतेल, सुरेश कुमार, मनीष साहू, अनिता भदौरिया, लोकेश पवार, हरिशंकर्र यशोधरा साहू उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत गावड़ेखसगांव निवासी 40 वर्षीय बिन्दाबाई गावड़े का 10 जून को सुबह साढ़े 5 बजे मौत हो गया। गावड़ेखसगांव निवासी 45 वर्षीय अगनूराम गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतिका की मौत अज्ञात कारणो से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में इलाज के दौरान अंतागढ़ थानांतर्गत बड़ेधौसा निवासी 37 वर्षीय लुकेश कुमार उर्वशा का 1 जून को मौत हो गई। थाना कांकेर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना पेश करने असल नंबरी मर्ग कायम किया गया।

## निधन

### मनेश कुमार कोमरे



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोदल अंतर्गत ग्राम गुमडीडीही निवासी मनेश कुमार कोमरे बालक छात्रावास अधीक्षक भडारडिगी का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गुमडीडीही में किया गया एवं अंतिम संस्कार में ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे। वे बाबूलाल कोमरे अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष एवं प्राचार्य शाउमा विद्यालय कोडे के सुपुत्र थे।

---

## आयोजन : गोविंदपुर में गुरुद्वारे में हुए धार्मिक कार्यक्रम

# सिखों के छठवें गुरू हरगोबिंद की जयंती पर शबद कीर्तन और लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सिख धर्म को दिया था नया आयाम





सिख समाज के द्वारा गुरू हरगोबिंद सिह की जयंती के मौके पर गुरूवार 12 जून को गोविंदपुर में स्थित गुरूद्वारे में धार्मिक कार्यक्रम हुए। सुबह से गुरुद्वारे में भजन कीर्तन हुए। सिख समाज के लोगों ने गुरुद्वारे में पहुंचकर मत्था टेका। भजन कीर्तन के उपरांत लंगर का आयोजन किया गया। गुरु हरगोविंद सिंह का यह संदेश था कि सिख धर्म सिर्फ आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग नहीं बल्कि यह अपने अनुयायियों के खिलाफ उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ खड़े होने के लिए सैन्य और शारीरिक रूप से भी तैयार करना है। सिख धर्म को एक नया आयाम देने का काम किया। गोविंदपुर गुरूद्वारा से जुड़े हरनेक सिंह औजला ने बताया कि गुरु हरगोबिंद सिंह सिखों के छठे गुरु थे। गुरु हरगोबिंद सिंह का जन्म अमृतसर के वडाली गांव में माता गंगा और पिता गुरु अर्जुन देव के यहां 21 आषाढ़ (वदी 6) संवत 1652 को हुआ था। सन्‌ 1606 में ही उन्हें 11 साल की उम्र में गुरु की उपाधि मिल गई। उनको अपने पिता और सिखों के 5 वें गुरु अर्जुन देव के द्वारा यह उपाधि मिली थी। गुरु हरगोबिंद सिंह को सिख धर्म में वीरता की नई मिसाल करने के लिए भी जाना जाता है। वह अपने साथ सदैव मीरी तथा पीरी नाम की दो तलवारें धारण करते थे। एक तलवार धर्म के लिए तथा दूसरी तलवार धर्म की रक्षा के लिए। मुगल शासक जहांगीर के आदेश पर गुरु अर्जुन सिंह को फांसी दे दी गई , तब गुरु हरगोबिंद सिंह ने सिखों का नेतृत्व संभाला। उन्होंने सिख धर्म में एक नई क्रांति को जन्म दिया जिस पर आगे चलकर सिखों की विशाल सेना तैयार हुई।

### जहांगीर को सपने में मिला था रिहाई का आदेश

सिखों द्वारा बगावत किए जाने के बाद मुगल बादशाह जहांगीर ने उन्हें कैद में डाल दिया था। गुरु हरगोबिंद सिंह 52 राजाओं समेत ग्वालियर के किले में बंदी बनाए गए थे। इन्हें बंदी बनाने के बाद से जहांगीर मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। इसी दौरान मुगल शहंशाहों के किसी करीबी फकीर ने उसे सलाह दी कि वह गुरु हरगोबिंद साहब को तत्काल रिहा कर दें। यह भी कहा जाता है कि जहांगीर को स्वप्न में किसी फकीर से गुरुजी को आजाद करने का आदेश मिला था। जब गुरु हरगोबिंद को कैद से रिहा किया जाने लगा तो वह अपने साथ कैद हुए 52 राजाओं को भी रिहा करने के लिए अड़ गए।

### छठवें गुरू ने अपने साथ 52 राजाओं को छुड़ाया

गुरु हरगोबिंद सिंह के कहने पर 52 राजाओं को भी जहांगीर की कैद से रिहाई मिली थी। जहांगीर एक साथ 52 राजाओं को रिहा नहीं करना चाहता था। इसलिए उसने एक कूटनीति बनाई और हुक्म दिया कि जितने राजा गुरु हरगोबिंद साहब का दामन थाम कर बाहर आ सकेंगे, वो रिहा कर दिए जाएंगे। इसके लिए एक युक्ति निकाली गई कि जेल से रिहा होने पर नया कपड़ा पहनने के नाम पर 52 कलियों का अंगरखा सिलवाया जाए। गुरु जी ने उस अंगरखे को पहना और हर कली के छोर को 52 राजाओं ने थाम लिया और इस तरह सब राजा रिहा हो गए। गुरू हरगोबिंद की सूझ-बूझ की वजह से उन्हें 'दाता बंदी छोड़' के नाम से बुलाया गया।

### 'दाता बंदी छोड़ गुरुद्वारा'

गुरु हरगोविंद सिंह साहब के इस कारनामे को यादगार बनाए रखने के लिए जिस जगह उन्हें कैद किया गया था, वहां पर एक गुरुद्वारा बनाया गया। उनके नाम पर बना गुरुद्वारा 'गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़' के नाम से जाना जाता है। रिहाई के बाद फिर मुगलों के खिलाफ बगावत छेड़ते हुए उन्हें कश्मीर के पहाड़ों में जाकर रहना पड़ा। सन 1644 में पंजाब के कीरतपुर में उनकी मृत्यु हो गई।

---

# प्राइवेट अस्पताल का लायसेंस रद्द, किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर कार्रवाई

जिला मुख्यालय स्थित मदर मेरी अस्पताल का लायसेंस रद्द कर गुरुवार 12 जून को शाम 7 बजे सील कर दिया गया। सप्ताह भर पहले यहां प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई थी। इसक जांच में ही पाया गया था कि साल 2019 के बाद से ही अस्पताल का लायसेंस रिनीवल नहीं किया गया है। इसकी शिकायत कांकेर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से भी की गई थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच करते अस्पताल को सील कर दिया।

जिले की गर्भवती महिला किरण टांडिया निवासी तालाकुर्रा को प्रसव पीड़ा उठने पर अलबेलापारा के अस्पताल में 31 मई को भर्ती कराया गया। लेकिन गर्भवती की महिला व उसके बच्चे को खतरा बता वहां से बाहर रेफर कर दिया। परिजन उसे हायर सेंटर ले जाने के बजाए मदर मैरी अस्पताल ले आए। स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के समय महिला पीलिया से ग्रसित थी। उसकी तबियत लगातार बिगड़ती गई और 9 जून की रात उसकी मौत हो गई। बच्चा स्वस्थ है। महिला की मौत को बाद परिजनों ने हंगामा किया तो यह घटना अस्पताल से बाहर आई। इसके बाद वहां गड़बड़ियां भी सामने आई। महिला के पति चंद्रकांत टांडिया ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कमेटी बना जांच किया, जिसमें पाया गया कि मदर मैरी अस्पताल नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं कर रहा है, जिसके चलते सीएचएमओ ने आदेश जारी कर मदर मैरी अस्पताल का लायसेंस रद्द कर दिया, इसके साथ ही अस्पताल को सील कर दिया गया।

### युक्तिकरण रद्द करने के लिए सीएम के नाम सौपेंगे ज्ञापन

**दुर्गुकोंदल।** सर्व एससी, एसटी व ओबीसी समाज के तत्वावधान में संरक्षक जगतराम दुग्गा, अध्यक्ष नंदकुमार नेताम, सचिव श्याम सिंह नरेटी एवं समाज प्रमुखों, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग के पदाधिकारियों, सदस्यों के द्वारा शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने शिक्षा विभाग के आदेश को रद्द करने की माँग की है। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्र के सभी प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना करने की माँग, समायोजन के नाम पर प्राथमिक शालाओं को बंद करने के विरोध में तथा क्षेत्र के किसानों को समय पर पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध कराने, तेन्दूपता खरीदी की राशि का तत्काल भुगतान करने सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 13 जून को ब्लाक मुख्यालय दुर्गूकोंदल में रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

---

## भाजपा सरकार हितग्राहियों को सही समय पर राशन देने में पूरी तरह विफल : सुनील



**कांकेर।** चांवल उत्सव के नाम पर भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को परेशान करने का काम कर रही है। सही समय पर हितग्राहियों को चांवल नही मिल पा रहा है। सरकार राशन दुकानों में मशीन की व्यवस्था नही कर सकी है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है, जो सरकार की अदूरदर्शिता को प्रमाणित करता है। उक्त बातें कांग्रेस के जिला महामंत्री सुनील गोस्वामी ने सरकार की राशन वितरण प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए कही। जिला महामंत्री ने कहा कि चांवल उत्सव के तहत जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन एकमुश्त वितरण का सरकार का फैसला हितग्राहियों और दुकानदारों के लिए मुसीबत बन गया है। चांवल वितरण प्रणाली में बदलाव कर सरकार ने बिना पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर ही योजना को थोपने का काम कर रही है, जिसके कारण से हितग्राही और दुकानदार परेशान हो रहे है। कई बार इंटरनेट के गायब होने से एक हितग्राही को चांवल वितरण करने मे घंटों लग रहा है। शहरी क्षेत्रों के राशन दुकानों पर अव्यवस्था का आलम है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी। ओटीपी सिस्टम, पुरानी मशीनें और सर्वर डाउन होने की समस्याओं ने राशन वितरण को अखाड़े में तब्दील कर दिया है। एक हितग्राही को राशन लेने में 40 से 45 मिनट का समय लग रहा है। नई मशीन की प्रक्रिया जटिल है, जिससे राशन वितरण ठप होने की की कगार पर है। कई जगहों पर हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है और एक हितग्राही को चांवल वितरण करने में नई मशीन और 6 बार ओटीपी सिस्टम मुसीबत का कारण बन गया है। जिला महामंत्री ने हितग्राहियों और दुकानदारों की सुविधा के लिए सरकार से पुरानी राशन वितरण प्रणाली को बहाल करने की मांग किया है। उनका कहना है कि मैनुअल सिस्टम या पुरानी मशीनों से राशन वितरण तेजी से हो सकता है।

## जरुरतमंदों के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- केबीकेएस कोया ब्लड बैंक एवं हेल्थ विंग का स्थापना दिवस पर आयोजन

वर्ष 2005 से लगातार जनसेवा के क्षेत्र में कार्यरत केबीकेएस कोया ब्लड बैंक एवं हेल्थ विंग ने अब तक 10217 यूनिट रक्तदान कर समाज के हजारों जरुरतमंद मरीजों की जान बचाने में योगदान दिया है। केबीकेएस के हेल्थ विंग द्वारा दूरदराज के आदिवासी अंचलों में समय-समय पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। केबीकेएस कोया ब्लड बैंक एवं हेल्थ विंग के प्रभारी डॉ. सनत नेताम ने बताया कि कोया ब्लड बैंक केवल एक रक्त संग्रह या रक्तदान केंद्र नहीं है, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जो समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने, समय पर रक्त उपलब्ध कराने और ग्रामीण क्षेत्रों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए सतत कार्यरत है। अनुराग उरेथी ने कहा कि रक्तदाताओं का रक्तदाता पंजी में फाइल अपलोड किया जाता है। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन व कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए आनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। जिला प्रभारी अजय जुर्री ने बताया कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को इसे अपनी जिम्मेदारी समझकर करना चाहिए। कोया ब्लड बैंक में कार्यरत स्वयंसेवकों का समर्पण ही इसकी पहचान है। कोया ब्लड बैंक एवं हेल्थ विंग के स्थापना दिवस के अवसर पर कामनी ध्रुव और प्रशांत कुमार नेताम ने रक्तदान कर युवतियों युवक को रक्तदान करने बढ़ चढ़कर सहयोग देने की अपील की है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान व्यावसायिक खेती करने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिविर में 20 किसानों को मक्का बीज का वितरण

भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के आसुलखार बाजार स्थल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य आतिथ्य सांसद भोजराज नाग ने शिविर में उपस्थित 20 किसानों को मक्का बीज का भी वितरण किया गया। शिविर में वैज्ञानिक कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा क्षेत्र के किसानों को उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। सांसद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कृषि विभाग केवीके, कृषि महाविद्यालय, पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी विभाग के संयुक्त प्रयास से किसान हित में चलाए जा रहे यह अभियान प्रशंसनीय है। किसानों को परम्परागत खेती के साथ-साथ व्यवसायिक खेती को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेती लाभ का धंधा तभी हो सकता है, जब किसान अपने भूमि में संयुक्त फार्मिंग सिस्टम को अपनाए। किसान अनाज उत्पादन के अलावा फसल चक्र अपनाते हुए बाजार मांग के अनुरूप खेती करें और कुछ भूमि में किसान दलहन, तिलहन, कोदो, कुटकी, रागी सब्जी की खेती, फलों की बागबानी, फूलों की खेती, मछली पालन, मुर्गी पालन, सुकर पालन, दुग्ध उत्पादन कर अपने सीमित भूमि से भी अधिक आमदनी ले सकते है। भारत सरकार और राज्य सरकार कृषि विभाग और कृषि से सम्बंधित विभागों के संयुक्त कार्यक्रम के तहत ही विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर आयोजित कर रही है। शिविर आसपास के गांव केंवटी, परवी, कनकपुर पेवारी, फरसकोट, किनारी, कुवापानी, जनकपुर और चिचमर्रा के किसान और संबंधित ग्राम के सरपंच शामिल हुए।

---

# जिले के दूरस्थ क्षेत्र की शिक्षकविहीन शालाओं में बिखरेगी शिक्षा की रोशनी

**कांकेर।** जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले में निश्चित तौर पर शिक्षकों की समस्या दूर हुई है। शाला भवनों के युक्तियुक्तकरण से भी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। काउंसलिंग के बाद शिक्षकविहीन स्कूलों में पदस्थापना कर शिक्षकों की पूर्ति की गई है, जिसके चलते जिले में पदस्थापना के बाद कोई भी स्कूल अब शिक्षकविहीन नहीं रह गए हैं। यह कार्य राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत किया गया। दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति मील का पत्थर साबित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं की संख्या 347 और हाईस्कूल की संख्या 01 थी। इनमें अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकविहीन एकल शिक्षकीय एवं आवश्यकता वाले संस्थाओं में कांउसलिंग के उपरांत पदस्थापना दी गई। इस प्रक्रिया का लाभ जिले के सभी शिक्षकविहीन विद्यालयों को मिला। उन्होंने बताया कि एक ही परिसर में विद्यालयों अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं ऐसी शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया। इससे बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता की दृष्टि से सुधार हो ताकि छात्रों को विद्यालय आने जाने में किसी प्रकार का कोई असुविधा उत्पन्न न हो सके। साथ ही माध्यमिक, हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षक की पूर्ति हुई है। इस प्रकार सभी को समान शिक्षा की सुलभता के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई ऐतिहासिक पहल से शिक्षकविहीन, एकल शिक्षकीय शालाओं की रौनक लौट आई है।

## महुआ शराब के साथ पकड़ा गया युवक

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम संजयपारा चौगेल में सार्वजनिक स्थान पर शराब का पी रहे हैं। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक की। उसके बाद 11 जून को शाम साढ़े 6 बजे छापामार कार्रवाई की गई। कार्यवाई के दौरान पुलिस को आता देख कुछ लोग भाग गए। मौके पर आरोपी चौगेल निवासी 34 वर्षीय कमल सिंह चौहान पिता स्व. नेमीचंद चौहान को पकड़ा गया। कब्जे से एक सफेद रंग की एक लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रुपए एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी कमल सिंह चौहान के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## विद्युत विभाग की दबिश, 500 किलोवाट के बिजली चलित उपकरणों को पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर





- ठेकेदार पर लग सकता है 70 हजार जुर्माना

ग्राम पंचायत रेंगावाही में बालिका छात्रावास भवन निर्माण में बिजली चोरी का मा म ला सामने आया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा बिना बिजली कनेक्शन लिए चोरी की बिजली से निर्माण कार्य में उपकरणों का उपयोग किया जा रहा था। इस खबर को हरिभूमि समाचार पत्र के अंक में प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने से विद्युत विभाग ने संज्ञान लेते हुए निर्माण स्थल पर छापेमारी कर 500 किलो वाट भार के विद्युत चलित उपकरण को बरामद किया है।

### जुर्माना लगाया जाएगाः एई

*एई बांदे अगस्ते कुमार ध्रुव से बात करने पर बताया कि बिजली विभाग की टीम ने निर्माण स्थल का जांच की। जिसमें ठेकेदार द्वारा 500 किलोवाट के विद्युत चलित उपकरणों को चोरी के बिजली से चलाते हुए पाया गया। ठेकेदार पर 500 किलोवाट का लगभग 70 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा।*

---




# खेलों को बढ़ावा देने के लिए गांव- गांव में हुई स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के गांवों में मना खेल दिवस

जिले के कोड़ेजुंगा, कोदागांव और पेटोली में खेल मेला आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना हैं। खेल मेला में समुदाय के बच्चों के साथ अभिभावक भी शामिल हुए। आधुनिकता के दौर में हम मोबाइल, टीवी, वीडियो व कंप्यूटर गेम तक सिमट रहें है। कुछ हद तक समुदाय बच्चों की बचपन को आधुनिकता की बेड़ी में बांध रही है। आज हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल हैं, जिसके कारण न पारंपरिक खेल खेल रहें है न ही मिलकर कुछ रचनात्मक गतिविधि करने का प्रयास कर रहे हैं। खेल दिवस के अवसर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए गाँव गाँव में पहल शुरू किया गया है। खेल मेला में शारीरिक खेल जोन, पारंपरिक खेल जोन, रचनात्मक जोन, प्ले एंड म्यूजिक जोन, कविता एवं कहानियां जोन आदि शामिल किया गया था। सभी जोन में बच्चों ने बहुत मस्ती से खेल खेले। बचपन की शिक्षा ने हमारे काम ने बार-बार दिखाया है कि जब वयस्क खासकर माताएँ, युवा और शिक्षक खेल के महत्व को अपनाते हैं, तो पूरा समुदाय बदलने लगता है। बच्चे ज्यादा आत्मविश्वासी, ज्यादा संवादशील और जीवन के लिए ज्यादा तैयार हो जाते हैं, सिर्फ स्कूल के लिए नहीं। ऐसी दुनिया में जो अक्सर सिखाने, मापने और आगे बढ़ने की जल्दी में रहती है। अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस हमें रुकने के लिए आमंत्रित करता है और उस चीज पर ध्यान देने के लिए जो वास्तव में मायने रखती है, बचपन का अनुभव। खेल कोई अतिरिक्त नहीं है, यह बच्चों के विकास, भलाई और सीखने के लिए जरूरी है। मेला में यही बताया गया कि हर दिन बच्चों को खेलने दे व स्वयं उनके साथ खेल का हिस्सा बनें। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिना, तेजस्वी, कविता, अंजली, अंबिका, गीतांजलि, कल्पना,केवल, गोविंद, कीर्ति, योगिता, ओमेश्वरी, राहुल दत्त, चंद्रशेखर ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासियों का योगदान रहा।







